# सड़क 2 करने के लिए तैयार हुए संजय दत्त

बॉलिवुड ऐक्टर संजय दत्त के फैंस उनकी आने वाली फिल्म सड़क 2 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म से महेश भट्ट भी लंबे समय बाद डायरेक्शन की फील्ड में लौट रहे हैं। संजय दत्त और महेश भट्ट 1986 में आई फिल्म नाम के लिए एकसाथ आए थे। इसके बाद से ही दोनों के बीच का बॉन्ड काफी मजबूत हो गया।

हाल ही में मीडिया से बातचीत के दौरान सड़क 2 के बारे में बात करते हुए संजय ने कहा कि वे फिल्म का काफी हिस्सा शूट कर चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महेश हमेशा उत्साह से भरे रहते हैं और वह आज तक बदले नहीं हैं।

संजय ने कहा कि डायरेक्टर ने आज के समय के हिसाब से स्टोरी तैयार की है। महेश ने कई घंटे इसमें लगाए हैं और जिस तरह की कोशिश उन्होंने यंग टीम को लीड करने में दिखाई है, वह अद्भुत है।

ऐक्टर ने आगे कहा कि जब वह पीछे पलटकर देखते हैं, उन्हें लगता है कि सड़क जैसी कहानी को आगे ले जाना जायज है। उन्होंने पहले पूजा भट्ट से इस बारे में बात की, उसके बाद उन्होंने इसे आगे ले जाने के बारे में सोचा।

संजय के मुताबिक, जब भट्ट साहब फिल्म को लिखने के लिए तैयार हुए तो उन्होंने उनसे कहा कि अगर वह फिल्म को डायरेक्ट नहीं करेंगे तो वह इस प्रॉजेक्ट से अलग हो जाएंगे। बता दें, सड़क 2 में संजय के अलावा आदित्य रॉय कपूर और आलिया भट्ट जैसे ऐक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म 1० जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# चाहत खन्ना ने बच्चों को मिक्सड मार्शल आर्ट्स सीखने को किया प्रोत्साहित

अभिनेत्री चाहत खन्ना मिक्सड मार्शल आर्ट्स सीख रही हैं और उन्होंने अपनी सोसाइटी के बच्चों को भी इस कॉम्बैट स्पोर्ट में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। चाहत ने कहा, यह बच्चों के लिए बहुत जरूरी है कि वह सीखें। वह सुने कम और ऑब्जर्व (निरीक्षण) अधिक करें। मैं खुद से यह करती हूं और अंत में बच्चे इससे सीखते हैं।

उन्होंने कहा, यह एक आर्ट फॉर्म है और अफसोस की बात है कि आज के दौर में यह बेहद जरूरी बन गया है। मैं चाहती हूं कि वह इस स्पोर्ट का आनंद लें और इसके फायदे इसके साथ ही आ जाएंगे। मुझे भी यह करते हुए अच्छा लगता है। मेरी सोसाइटी के बच्चे मुझे देखकर यह कर रहे हैं और मुझे लगता है कि आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करना जरूरी है।

अभिनेत्री ने टीवी शो जैसे बड़े अच्छे लगते हैं और कबूल है में काम किया है।

# इलियाना डिक्रूज ने सोशल मीडिया पर उड़ाया खुद का मजाक

इलियाना डिक्रूज को बॉलिवुड की सबसे बिंदास ऐक्ट्रेसेस में से एक माना जाता है। वह न सिर्फ अपनी बेबाकी से ट्रोल्स की बोलती बंद कर देती हैं बल्कि खुद ही सोशल मीडिया पर अपना मजाक भी उड़ा लेती हैं। ऐसा ही कुछ उन्होंने इस बार भी किया है।

ऐक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें और विडियो शेयर किए हैं जिनमें वह एक इवेंट के लिए रेडी होती दिख रही हैं। इस दौरान उनके चेहरे पर तरह-तरह के फनी एक्सप्रेशन्स दिखाई दे रहे हैं।

इन्हीं एक्सप्रेशन्स को लेकर उन्होंने खुद का मजाक भी उड़ाया है। पोस्ट के साथ इलियाना ने लिखा, क्या मैं कभी स्ट्रेट फेस रख सकती हूं? वैसे ऐक्ट्रेस ने भले ही इन पिक्स से अपना मस्तीभरा मूड दिखाया हो लेकिन फैन्स को जरूर उनकी तस्वीरें बेहद पसंद आईं। उन्होंने इन तस्वीरों में भी इलियाना के लुक को हॉट बताया। वहीं कुछ ने लिखा कि उनके कैप्शन्स को कोई भी हरा नहीं सकता है।


# शालमली ने लिया यमी डांस चैलेंज

बलम पिचकारी की गायिका शालमली ने जस्टिन बीबर के यमी डांस चैलेंज को स्वीकार करते हुए उस पर अपने डांस मूव्स से सबको चौंका दिया। शालमली ने इंस्टाग्राम पर अपने टीम के साथ 3० सेकेंड्स का एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह जस्टिन बीबर के यमी गाने पर एयरपोर्ट पर डांस करते नजर आ रही हैं।

वीडियो क्लिप के साथ शालमली ने लिखा है, एक हैशटैगयमीमैनेजर, एक हैशटैगयमीस्वायड, एक हैशटैगयमीकोरियोग्राफर जो आपको हमारे पेरिस गोएबेल के संस्करण वाले एयरपोर्ट हैशटैगयमीचैलेंज दे रहा है।

इस बारे में शालमली ने कहा, कुछ काम हो गए हैं.. इनमें से एक काम यमी पर डांस करना था। यह जस्टिन बीबर का कमाल का गाना है। साथ ही मेरी टीम और मैं पेरिस गोएबेल की कोरियोग्राफी के जबरदस्त फॉलोवर्स हैं।

# विकी कौशल सीख रहे हैं घुड़सवारी


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

इंडिया में अपनी अगली बिग बजट की फिल्म तख्त की शूटिंग शुरू कर चुके मेकर करण जौहर यूरोप पहुंच रहे हैं ताकि फिल्म के लिए कुछ बेहतरीन लोकेशन की तलाश कर सकें। दूसरी तरफ इस फिल्म के ऐक्टर विकी कौशल जो कि इस फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे हैं, उन्होंने अपनी इस फिल्म के लिए तैयारी शुरू कर दी है। विकी कौशल ने अपनी इस तैयारी की एक झलक इंस्टाग्राम पर पोस्ट भी कर डाली है।

इसकी शुरुआत उन्होंने हॉर्स राइडिंग यानी घुड़सवारी से की है और इसी एक एक झलक उन्होंने फैन्स के साथ भी शेयर की है। विकी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक विडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपने घोड़े को कुछ खिलाते हुए दिख रहे हैं और वह जबरदस्त हैंडसम भी दिख रहे हैं। दरअसल विकी अपनी इस फिल्म के लिए घुड़सवारी की ट्रेनिंग ले रहे हैं।

सिल्वर स्क्रीन पर उनकी आखिरी फिल्म उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक थी, जिसमें उन्होंने अपनी मेजर की भूमिका से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट ऐक्टर के नैशनल अवॉर्ड तक से सम्मानित किया जा चुका है। अब उनके फैन्स उनकी अगली फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं।

बता दें कि तख्त में विकी के अलावा जान्हवी कपूर, रणवीर सिंह, करीना कपूर, आलिया भट्ट, भूमि पेडनेकर और अनिल कपूर भी होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में रणवीर शाहजहां के सबसे बड़े बेटे दारा शिकोह की भूमिका में दिखेंगे, जबकि विकी ऑरंगजेब का किरदार निभाते नजर आएंगे। करण की इस फिल्म की रिलीज़ डेट को लेकर अभी तक कोई अनाउंसमेंट नहीं किया गया है, लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म अगले साल रिलीज़ होगी।

# कभी ईद कभी दिवाली में सलमान के ऑपोजिट होंगी कृति सैनन ?



सलमान खान जिनकी हालिया रिलीज फिल्म दबंग 3 को फैंस ने काफी पसंद किया, ने अब अपनी अगली फिल्म राधे: योर मोस्ट वॉन्टेड भाई पर काम शुरू कर दिया है। यह फिल्म ईद 2०2० में रिलीज होगी। इस बीच उनकी एक और फिल्म कभी ईद कभी दिवाली की घोषणा हो गई है।

सलमान ने खुद इसकी जानकारी ट्विटर पर दी और बताया कि यह फिल्म वह किक के प्रड्यूसर साजिद नाडियाडवाला के साथ मिलकर बना रहे हैं। ऐक्टर ने बताया कि फिल्म का डायरेक्शन फरहाद सामजी करेंगे और यह ईद 2०21 में रिलीज होगी।

अब ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि मेकर्स फिल्म के लिए ऐक्ट्रेस की तलाश कर रहे हैं और वह कृति सैनन को कास्ट करना चाह रहे हैं। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इस खबर को कन्फर्म नहीं किया है।

बता दें, साजिद नाडियाडवाला के बैनर तले ही फिल्म हीरोपंती बनी थी जिससे कृति ने बॉलिवुड डेब्यू किया था। यही नहीं, साजिद और फरहाद के साथ कृति बच्चन पांडे में भी काम कर रही हैं। इसमें वह अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी और यह फिल्म क्रिसमस 2०2० में रिलीज होगी।

# कामुकता का तात्पर्य कम कपड़ों से नहीं : रवीना

अभिनेत्री रवीना टंडन का कहना है कि कामुकता का तात्पर्य कपड़ों को कम करने से नहीं है बल्कि कोई इसे कैसे पहनता है या संभालता है, यह इस बात पर निर्भर करता है। रवीना ने कहा, कामुकता का तात्पर्य कम कपड़ों से नहीं है। आप कुछ भी पहनकर आकर्षक लग सकते हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि उस परिधान को किस तरह से डिजाइन किया गया है और आप उसे किस तरह से पहनते या संभालते हैं।

फिल्मों के बारे में बात करते हुए रवीना ने कहा, मुझे कई सारी फिल्मों के ऑफर मिले हैं, लेकिन उनमें से कुछ ही ऐसे हैं जिन्हें मैं करना पसंद करूंगी। डिजाइनर रॉकी एस. के साथ चैट शो नॉट जस्ट सुपर स्टार्स पर आकर अभिनेत्री ने अपने इन विचारों को साझा किया। इस कार्यक्रम का प्रसारण जी कैफे पर होता है।

